**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं० 3874**

**दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**देश में शौचालय सुविधाएं**

**3874. श्रीमती वंदना चव्हाणः**

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में शौचालय सुविधाओं वाले घरों की संख्या और प्रतिशत का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में महाराष्ट्र सहित खुले में शौच जाने वाले परिवारों की संख्या तथा उनके प्रतिशत का राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उनको शौचालय सुविधाएं प्रदान करने तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)**

(क) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) के अनुसार दिनांक 26.03.2018 तक शौचालयों की सुविधा वाले ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या तथा प्रतिशत अनुलग्नक-1 पर है।

(ख) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) के अनुसार दिनांक 26.03.2018 की स्थिति के अनुसार खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या तथा प्रतिशत अनुलग्नक-2 पर है।

(ग) स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरूआत 2 अक्तूबर, 2014 को हुई थी जिसका लक्ष्य 2 अक्तूबर, 2019 तक स्वच्छ भारत की प्राप्ति करना है। स्कीम में व्यवहार में परिवर्तन तथा शौचालयों के उपयोग पर बल दिया जाता है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के सभी परिवारों और गरीबी रेखा से ऊपर(एपीएल) के चिन्हित परिवारों (सभी अ.जा./अ.ज.जा., लघु और सीमांत किसानों, अधिवास वाले भूमिहीन मजदूरों, दिव्यांगजन और महिला प्रमुख परिवारों) को वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों (आईएचएचएल) के निर्माण के लिए 12,000 रु. की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का एक अभिन्न घटक है। इस घटक के अंतर्गत कम्पोस्ट पिट, वर्मी कंपोस्टिंग, बायोगैस प्लांट, कम लागत निकासी, सोकेज चैनल/पिट्स, अपशिष्ट जल का पुन: प्रयोग, घरेलू कचरे का एकत्रण, पृथक्कीकरण तथा निपटान की प्रणाली और मासिक धर्म संबंधी सफाई प्रबंधन आदि जैसी गतिविधियां चलाई जा सकती हैं। ठोस एवं तरल अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन गतिविधियों को चलाने के लिए 150/300/500 या 500 से अधिक परिवारों वाली ग्राम पंचायतों को 7/12/15/20 लाख रुपए की सीमा के साथ निधियां उपलब्ध हैं।

**दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3874 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| दिनांक 26.03.2018 तक शौचालय की सुविधा वाले ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या तथा प्रतिशत | | |
|---|---|---|
| **राज्य/संघ राज्य** | **दिनांक 26.03.2018 की स्थिति के अनुसार शौचालय की सुविधा वाले ग्रामीण परिवार** | **दिनांक 26.03.2018 की स्थिति के अनुसार शौचालय की सुविधा वाले ग्रामीण परिवारों का %** |
| अंडमान और निकोबार | 41981 | 100.00 |
| आंध्र प्रदेश | 6668776 | 93.88 |
| अरुणाचल प्रदेश | 183058 | 100.00 |
| असम | 4430482 | 80.79 |
| बिहार | 8008053 | 45.30 |
| चण्डीगढ़ | 25454 | 100.00 |
| छत्तीसगढ़ | 4366949 | 100.00 |
| दादरा एव नगर हवेली | 33324 | 100.00 |
| दमन एवं द्वीव | 1725 | 100.00 |
| गोवा | 139712 | 76.22 |
| गुजरात | 5081552 | 100.00 |
| हरियाणा | 2682741 | 100.00 |
| हिमाचल प्रदेश | 1433766 | 100.00 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 822034 | 55.36 |
| झारखंड | 3208624 | 72.21 |
| कर्नाटक | 6159531 | 87.07 |
| केरल | 4682727 | 100.00 |
| मध्य प्रदेश | 8246815 | 86.07 |
| महाराष्ट्र | 10982948 | 99.14 |
| मणिपुर | 358818 | 80.33 |
| मेघालय | 442833 | 100.00 |
| मिजोरम | 120078 | 98.77 |
| नागालैंड | 201999 | 80.03 |
| ओडिशा | 4152348 | 50.49 |
| पुडुचेरी | 51662 | 58.02 |
| पंजाब | 2848170 | 99.94 |
| राजस्थान | 10408992 | 99.85 |
| सिक्किम | 55364 | 100.00 |
| तमिलनाडु | 9007998 | 96.11 |
| तेलंगाना | 3544272 | 80.97 |
| त्रिपुरा | 516270 | 73.87 |
| उत्तर प्रदेश | 15884175 | 58.68 |
| उत्तराखंड | 1514523 | 100.00 |
| पश्चिम बंगाल | 12794314 | 93.33 |
| | **129102068** | **79.59** |

**अनुलग्नक-2**

**दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3874 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

दिनांक 26.03.2018 की स्थिति के अनुसार खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या तथा प्रतिशत

| **राज्य/संघ राज्य** | **26.03.2018 की स्थिति के अनुसार खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवार** | **26.03.2018 की स्थिति के अनुसार खुले में शौच करने वाले ग्रामीण परिवारों का %** |
|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार | 0 | 0.00 |
| आंध्र प्रदेश | 434915 | 6.12 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0.00 |
| असम | 1053135 | 19.21 |
| बिहार | 9669709 | 54.70 |
| चण्डीगढ़ | 0 | 0.00 |
| छत्तीसगढ़ | 0 | 0.00 |
| दादरा एव नगर हवेली | 0 | 0.00 |
| दमन एवं द्वीव | 0 | 0.00 |
| गोवा | 43598 | 23.78 |
| गुजरात | 0 | 0.00 |
| हरियाणा | 0 | 0.00 |
| हिमाचल प्रदेश | 0 | 0.00 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 662845 | 44.64 |
| झारखंड | 1234942 | 27.79 |
| कर्नाटक | 914596 | 12.93 |
| केरल | 0 | 0.00 |
| मध्य प्रदेश | 1334237 | 13.93 |
| महाराष्ट्र | 95008 | 0.86 |
| मणिपुर | 87838 | 19.67 |
| मेघालय | 0 | 0.00 |
| मिजोरम | 1498 | 1.23 |
| नागालैंड | 50398 | 19.97 |
| ओडिशा | 4072084 | 49.51 |
| पुडुचेरी | 37379 | 41.98 |
| पंजाब | 1691 | 0.06 |
| राजस्थान | 16071 | 0.15 |
| सिक्किम | 0 | 0.00 |
| तमिलनाडु | 364863 | 3.89 |
| तेलंगाना | 833179 | 19.03 |
| त्रिपुरा | 182588 | 26.13 |
| उत्तर प्रदेश | 11183730 | 41.32 |
| उत्तराखंड | 0 | 0.00 |
| पश्चिम बंगाल | 914414 | 6.67 |
|  | **33124273** | **20.41** |